मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल
(मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग)
''चयन भवन, चिनार पार्क (ईस्ट), मेन रोड नं.1, भोपाल – 462011

सूचना

राजस्व मंडल, आयुक्त भू-अभिलेख, प्रमुख राजस्व आयुक्त, संभागायुक्त तथा कलेक्टर स्थापनाओं की लिपिक वर्गीय सेवाओं तथा पटवारी / राजस्व निरीक्षक संवर्ग से नायब तहसीलदार पद पर सीमित प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से सीधी भर्ती परीक्षा 2026

राजस्व मंडल, आयुक्त भू-अभिलेख, प्रमुख राजस्व आयुक्त, संभागायुक्त तथा कलेक्टर स्थापनाओं की लिपिक वर्गीय सेवाओं तथा पटवारी / राजस्व निरीक्षक संवर्ग से नायब तहसीलदार पद पर सीमित प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से सीधी भर्ती परीक्षा 2026 की नियमपुस्तिका में संभावित परीक्षा तिथि 14 नवंबर 2026 विज्ञापित की गई थी।

मध्यप्रदेश पटवारी संघ द्वारा उक्त परीक्षा तिथि को आगे बढ़ाने बाबत किए गए अनुरोध एवं अभ्यर्थियों के हित को दृष्टिगत रखते हुए, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग, मंत्रालय, भोपाल के पत्र क्रं. 920/6305059/2026/सात-4, भोपाल, दिनांक 05/11/2026 में प्राप्त सहमति के अनुसार परीक्षा तिथि को आगे बढ़ाते हुए उक्त **परीक्षा के आयोजन की संभावित तिथि 10 जनवरी 2027** निर्धारित की जाती है।

11/11/26

नियंत्रक
म.प्र.कर्मचारी चयन मंडल
भोपाल

मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल
(मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग)
"चयन भवन, चिनार पार्क (ईस्ट), मेन रोड नं.1, भोपाल – 462011

फोन न.- +91-755-2578801-02-03-04, Fax: +91-755-2550498 website: www.esb.mp.gov.in, E-Complain Id : Complaint.esb@mp.gov.in

राजस्व मण्डल, आयुक्त भू-अभिलेख, प्रमुख राजस्व आयुक्त, संभागायुक्त तथा कलेक्टर स्थापनाओं की लिपिकवर्गीय सेवाओं तथा पटवारी/राजस्व निरीक्षक संवर्ग से नायब तहसीलदार पद पर सीमित प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से सीधी भर्ती परीक्षा-2026

परीक्षा संचालन एवं भर्ती नियम पुस्तिका - परीक्षा तिथि में संशोधन

ऑनलाईन आवेदन-पत्र			
आवेदन पत्र भरने की प्रारम्भ तिथि	: 17-09-2026	आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि	: 15-10-2026
आवेदन पत्र मे संशोधन करने की प्रारम्भ तिथि	: 17-09-2026	आवेदन पत्र में संशोधन करने की अंतिम तिथि	: 16-10-2026
संभावित परीक्षा दिनांक		10 जनवरी 2027	
परीक्षा शुल्क			
विभागीय सीमित सीधी भर्ती पद हेतु (सभी श्रेणी/संवर्ग के अभ्यर्थियों हेतु)		रू. 2000/-	
ऑनलाईन आवेदन - कियोस्क के माध्यम से आनलाईन भरने वाले अभ्यर्थियों हेतु एमपीआनलाईन का पोर्टल शुल्क रूपये 60/- देय होगा । इसके अतिरिक्त रस्टिर्ड सिटीजन यूजर के माध्यम से लागिन कर फार्म भरने पर पोर्टल शुल्क 20/- रू. देय होगा ।			

आनलाईन परीक्षा पद्धति समय सारणी

संभावित परीक्षा तिथि	परीक्षा की पाली	प्रश्न पत्र	अभ्यर्थियों के लिये रिपोर्टिंग समय	महत्वपूर्ण निर्देश पढने का समय	उत्तर अंकित का समय
10 जनवरी 2027	प्रथम	प्रथम	प्रात: 8:00 से 9:00 बजे तक	09:50 से 10:00 बजे तक (10 मिनट)	प्रात: 10:00 से 12:00 बजे तक (2:00 घंटे)
	द्वितीय	द्वितीय	दोपहर 01:00 से 02:00 बजे तक	02:50 से 03:00 बजे तक (10 मिनट)	दोपहर 03:00 से 05:00 बजे तक (2:00 घंटे)

टिप्पणी :-

1. मध्यप्रदेश राजस्व विभाग के अंतर्गत वर्तमान में कार्यरत विभागीय सीमित चयन परीक्षा होने के कारण मूल निवासी प्रमाण-पत्र की आवश्यकता नही है।
2. परीक्षा हेतु आवेदन पत्र में अभ्यर्थी को अपना एम्प्लोयी कोड दर्ज करना आवश्यक है।
3. अभ्यर्थी का आधार पंजीयन अनिवार्य है ।
4. बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षाओं में मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के रूप में अभ्यर्थी मतदाता पहचान पत्र, पेनकार्ड, आधार कार्ड, ड्रायविंग लायसेस, तथा पासपोर्ट में से कोई एक को चयनित कर सकता है। यु.आई.डी.ए.आई.(UIDAI) के द्वारा सत्यापित(Verify) होने पर ही ई आधार मान्य होगा । मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के अभाव में परीक्षार्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किया जाएगा।
5. अभ्यर्थी को नियम पुस्तिका में विनिश्चित मूल परिचय पत्र के अतिरिक्त अपना आधार कार्ड / ई-आधार कार्ड /आधार कार्ड की छायाप्रति /आधार नंबर /आधार VID की जानकारी लाना अनिवार्य हैं।
6. परीक्षा में प्रवेश के समय एवं परीक्षा के दौरान आधार बेस्ड बहुस्तरीय बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य है ।
7. परीक्षार्थियों को परीक्षा में रिपोर्टिंग समय तक परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति होगी । इसके पश्चात विलम्ब से आने वाले अभ्यथियों को प्रवेश की पात्रता नहीं होगी ।
8. परीक्षा कक्ष में इलेक्ट्रानिक डिवाईस यथा मोबाईल फोन, केल्कुलेटर, लॉग टेबल्स, Sun glasses एवं नकल पर्चा आदि का उपयोग पूर्णत: वर्जित है।
9. ऑनलाईन आवेदन-पत्र क्रमांक के द्वारा ही ऑनलाईन परीक्षा हेतु अभ्यर्थी अपना प्रवेश-पत्र प्राप्त कर सकते हैं। अत: आवेदन-पत्र क्रमांक आवश्यक रूप से संभाल कर रखें, जिसकी समस्त जिम्मेदारी आवेदक की ही होगी।
10. परीक्षा केन्द्र पर आवेदक को बाल प्वाइंट पेन तथा परीक्षा हाल में प्रवेश हेतु मंडल की वेबसाइट से डाउनलोड किये गये प्रवेश-पत्र साथ लाना अनिवार्य हैं
11. किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात परीक्षा समाप्ति तक परीक्षा कक्ष छोडने की अनुमति नहीं होगी ।
12. आवेदन-पत्र भरते समय उम्मीदवारों के किसी भी प्रमाण पत्र का परीक्षण ई.एस.बी. द्वारा नहीं किया जाकर नियुक्ति प्रक्रिया के दौरान संबंधित विभाग द्वारा किया जाता है । अत :कम्प्युटर आधारित online परीक्षा मे उम्मीदवारो की पात्रता (Eligibility) (पूर्णत: प्रावधिक (visionalPro) होगी ।
13. उम्मीदवारों द्वारा आवेदन के साथ प्रस्तुत शैक्षणिक दस्तावेजों का सत्यापन प्रमुख राजस्व आयुक्त कार्यालय में किया जावेगा। उम्मीदवारों को आयु, शैक्षणिक योग्यता, आरक्षण के प्रावधानों अनुसार सभी में पूर्णत: योग्य पाये जाने पर ही नियुक्ति प्राप्त करने की पात्रता होगी।

खण्ड-स

2.31 **आवेदन पत्र भरने की समयावधि**

ऑनलाईन आवेदन पत्र			ऑनलाईन आवेदन में संशोधन		
भरने की प्रारंभिक तिथि	भरने की अंतिम तिथि	भरने के कुल दिवस	करने की प्रारंभिक तिथि	करने की अंतिम तिथि	करने के कुल दिवस
17-09-2026	15-10-2026	29	17-09-2026	16-10-2026	30

2.32 **आनलाईन परीक्षा का विवरण**

स.क्र.	प्रश्न-पत्र	संभावित परीक्षा तिथि	अवधि	समय	अधिकतम अंक
1.	प्रथम	10 जनवरी 2027	02 घंटे	प्रात: 10:00 से 12:00 तक	100
2	द्वितीय			दोपहर 03:00 से 05:00 तक	100

परीक्षा में हिन्दी/अंग्रेजी माध्यम में वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न होंगे, जिनमें प्रत्येक प्रश्न के चार संभावित उत्तर/विकल्प दिये रहेंगे। परीक्षार्थी को सही उत्तर चुनकर उससे संबंधित गोले को कम्प्यूटर के माउस की सहायता से चयन/काला करना होगा।

2.33 (i) **परीक्षा शुल्क :-**

स.क्र.	प्रश्नपत्रों की संख्या	सभी श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिये	आवेदन पत्र जमा करने के लिये एम.पी ऑन लाईन का पोर्टल शुल्क	सीधी भर्ती बैकलॉग के अभ्यर्थियों के लिये
01.	दो	2000/- रू.	कियोस्क के माध्यम से भरने पर 60/- कियोस्क के माध्यम से न भरने पर 20/-	निरंक

(ii) **संशोधन किये जाने पर देय शुल्क**

स.क्र.	प्रश्नपत्रों की संख्या	आवेदन पत्र में प्रत्येकवार संशोधन किये जाने पर शुल्क	आवेदन पत्र में प्रत्येकवार संशोधन किये जाने पर पोर्टल शुल्क
01.	दो	20/-	40/-

2.34 परीक्षा शहर :-

आवेदको को आवेदन पत्र भरते समय चार परीक्षा शहरों का प्राथमिकता क्रम निर्धारित करना आवश्यक है । मण्डल द्वारा अभ्यर्थी के प्राथमिकता में अंकित किये गये शहरो में सीटो की उपलब्धता के आधार पर Random प्रकार से परीक्षा केन्द्र आवंटित किये जाने का प्रयास किया जावेगा । तथापि परीक्षा शहरो एवं परीक्षा केन्द्रों की उपलब्धता के अनुरूप अभ्यर्थियों को भी वांछित परीक्षा शहर के स्थान पर अन्य परीक्षा शहर आवंटित किया जा सकता है । बोर्ड अपनी सुविधानुसार परीक्षा शहरों/केन्द्रों में परिवर्तन, कमी या वृद्धि कर सकता है एवं उक्त संबंध में मण्डल का निर्णय एवं बाध्यकारी होगा । अत: परीक्षा केन्द्र परिवर्तन के संबंध में किसी प्रकार के आवेदन मान्य नहीं होंगे। लिखित परीक्षा निम्नलिखित संभावित परीक्षा शहरों/केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी :-

आनलाईन परीक्षा हेतु संभावित परीक्षा शहर			
1. भोपाल	2. इन्दौर	3. जबलपुर	4. उज्जैन